Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a Gas Filling Station of Gas Authority of India Limited at Village Kheri, Tehsil Konch in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): मेरे संसदीय क्षेत्र जालौन-गरौठा-भोगनीपुर में ग्राम खैरी, तहसील कोंच में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) का एक गैस पाइप लाइन चैक-पोस्ट संचालित है, यदि यहां पर गैस फिलिंग स्टेशन संयंत्र स्थापित किया जाए तो इस प्लांट द्वारा विशेष रूप से मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जनपदों जैसे भिण्ड, मुरैना, दतिया ग्वालियर समेत उत्तर प्रदेश के कई जनपदों सहित समूचे बुन्देलखण्ड को गैस आपूर्ति होगी। मेरे क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 200 किलोमीटर की दूरी में गैस फिलिंग स्टेशन है। इस संयंत्र के स्थापित होने से निश्चित ही आपूर्ति हेतु खर्च किए जा रहे करोड़ों रुपए के माल-भाड़े के राजस्व एवं समय की बचत होगी।

अतः मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि ग्राम खैरी, तहसील कोंच में गेल का फिलिंग स्टेशन स्थापित कर टाउनशिप विकसित की जाए जोकि निश्चित रूप से जालौन-गरौठा-भोगनीपुर में औद्योगिक विकास का आयाम स्थापित करेगी एवं बुन्देलखण्ड के पिछड़ेपन को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगी।